<u>भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में दिनांक : 19/12/2023 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन</u>

भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन एवं हिंदी के प्रचार – प्रसार व प्रगति के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में दिनांक : 19 दिसंबर, 2023 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस हिंदी कार्यशाला में कुल 22 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

हिंदी कार्यशाला में भारतीय खान ब्यूरो कार्यालय के व्याख्याताओं ने अलग – अलग विषयों पर अपने व्याख्यान दिए । इसमें भारतीय खान ब्यूरो के डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी ने राजभाषा नीति एवं वार्षिक कार्य योजना, श्री गुमना राम, उप खान नियंत्रक ने तकनीकी कार्यो में हिन्दी का प्रयोग, श्री असीम कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने वर्तनी एवं शब्दावली तथा श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक ने ई-ऑफीस में हिन्दी टंकण आदि विषयों पर अपने व्याख्यान दिए ।

अपने व्याख्यान में डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी ने संविधान में राजभाषा से संबंधित विभिन्न अनुच्छेदों, कानूनी प्रावधानों, नियमों, अधिनियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए हिन्दी के कार्यान्वयन हेतु भारत में विभाजित किए गए 'क', 'ख', एवं 'ग' क्षेत्रों के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए हिन्दी के विभिन्न पुरस्कारों के बारे में बताया। श्री गुमना राम, उप खान नियंत्रक ने हिन्दी की उत्पत्ति के बारे में बताते हुए विदेशों में हिन्दी के उपयोग व लोकप्रियता की जानकारी देते हुए तकनीकी कार्यों में जैसे - उल्लंघन पत्रों, कारण बताओं नोटिस एवं अनुपालन के पत्राचार में हिन्दी का उपयोग कैसे करें इसकी विस्तृत जानकारी दी। श्री अभिनय कुमार शर्मा,संपादक ने ई ऑफीस में हिन्दी टंकण में आनेवाली समस्याओं व कठिनाईयों का समाधान किया। श्री असीम कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने भाषा,लिपि,वर्तनी,अक्षर एवं वर्ण के बारे में जानकारी देते हुए वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग के बारे में विस्तार से बताया साथ ही हिन्दी शब्दावली का निर्माण कैसे हुआ इसकी जानकारी दी एवं हिंदी वर्तनी में होने वाली छोटी – छोटी त्रुटियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होने प्रतिभागियों से वर्तनी एवं शब्दावली का अभ्यास कराया।

कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों ने अपनी विशेष रूचि दिखाते हुए व्याख्याताओं से अपनी समस्याओं का निवारण किया साथ ही ऐसी कार्यशाला समय – समय पर नियमित रूप से आयोजित किए जाने की इच्छा व्यक्त की ।

कार्यशाला के पश्चात सभी प्रतिभागियों से कार्यशाला के विषय में उनकी प्रतिक्रियाएं भी प्राप्त की गई। सभी प्रतिभागियों ने सकारात्मक प्रतिक्रियाएं व्यक्त की साथ ही यह भी कहा कि कार्यशाला में व्याख्याओं के साथ विचार – विमर्श आवश्यक है तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों सुझाव दिया कि इस प्रकार की हिंदी कार्यशाला समय – समय पर होनी चाहिए तथा तकनीकी विषयों पर भी कार्यशाला आयोजित करने के सुझाव दिए। कुछ प्रतिभागियों ने ऐसी कार्यशाला प्रतिमाह आयोजित करने हेतु सुझाव दिए। साथ ही यह भी कहा कि ऐसी कार्यशालाओं से सरकारी कामकाज में काफी मदद मिलती है तथा इस कार्यशाला को पूरी तरह से परिपूर्ण बताया।

अंत में श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा हिंदी कार्यशाला में व्याख्यान देते हुए।

श्री गुमना राम, उप खान नियंत्रक द्वारा हिंदी कार्यशाला में व्याख्यान देते हुए ।

श्री असीम कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा हिंदी कार्यशाला में व्याख्यान देते हुए ।

श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक द्वारा हिंदी कार्यशाला में व्याख्यान देते हुए ।